एक नजर में

## अंत्योदय सिद्धांत को साकार कर रही केंद्र सरकार : दत्तीगांव



**बदनावर।** भारतीय राजनीति के महान विचारक और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि नगर मंडल समेत विधानसभा क्षेत्र के सभी छह मंडलो में मनाई गई। यहां बडी चौपाटी स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव के आतिथ्य में कार्यकर्ताओ ने चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रदांजलि दी। पूर्व मंत्री दत्तीगांव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय बहुप्रतिभा के धनी थे। वह एक प्रखर संगठनकर्ता, विचारक और राजनेता रहे। उन्होंने कहा कि दीनदयाल ने पूरे देश को एकात्म मानववाद और मानव दर्शन का मंत्र दिया। उन्होंने हमे अंत्योदय का मूल मंत्र भी दिया, जिस पर केंद्र और प्रदेश सरकार ने प्रतिबद्ध रूप से काम किया। देशभर में ऐसी कई योजनाएं चल रही हैं, जो अंतिम व्यक्ति को फायदा देने के लिए बनी हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय के सिद्धांत को साकार कर रही है। दत्तीगांव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों ने विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत की तरह काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत की गौरवमयी संस्कृति और स्वर्णिम विरासत को केंद्र में रखकर देश को आगे ले जाने का मार्ग पंडित जी ने दिखाया था, जो विकसित भारत के निर्माण की दिशा में हमेशा प्रेरणास्रोत की तरह काम करता रहेगा। कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार व नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर ने भी संबोधित कर दीनदयाल के विचारों व सिद्धांतो को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने किया। आभार पवन चालवा ने माना

## भाजपा बदनावर नगर मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

### वरिष्ठ पत्रकार दिलीप सिंह चौहान मीडिया प्रभारी नियुक्त



**बदनावर।** भारतीय जनता पार्टी जिला धार के निर्देशानुसार बदनावर नगर मंडल की नई मंडल समिति की घोषणा बुधवार को की गई है। जिला अध्यक्ष निलेश भारती की सहमति से नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर द्वारा मंडल पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। घोषित सूची के अनुसार मंडल में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी, आईटी सेल प्रभारी सहित विभिन्न दायित्वों पर कुल 23 पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उपाध्यक्ष रमेश पाटीदार (भूरा), श्रीमती प्रीति रावल, पवन चांवला, अंशुमन जोशी, सुनील परमार एवं अमित गांधी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महामंत्री संतोष राव एवं गौरव होती को नियुक्त किया गया है। मंत्री महेश व?ाँ, पियुष मूणत, चिंटू पाटीदार (सीपी) अमरसिंह डावर, श्रीमती मंजुला मेहता एवं आशीष सोनी को दायित्व दिया गया है। कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दीपक परमार को सौंपी गई है, जबकि कार्यालय मंत्री श्रीमती अलका सोनी नियुक्त हुई हैं। मीडिया प्रभारी दिलीपसिंह चौहान, सोशल मीडिया प्रभारी, राहुल जैन, आईटी सेल प्रभारी जितेंद्र प्रजापत को जिम्मेदारी दी गई है। मन की बात प्रभारी ओमप्रकाश सोनिगर एवं सह प्रभारी श्रीमती चेनाबाई डामर को बनाया गया है।हितग्राही प्रमुख श्रीमती अनीता चौहान तथा व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख जितेंद्र मकवाना को नियुक्त किया गया है।नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक सक्रियता और केंद्र-राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जानकारी मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह चौहान ने दी।

## महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल व खेल परिसर के लिए करीब 3 करोड़ की राशि मंजूर



**बदनावर।** शासकीय महाविद्यालय में बन रहे बहुद्देश्यीय खेल परिसर के अधुरे निर्माण कार्य के पूरे होने व महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दोनों विकास कार्यो के लिए करीब 3 करोड की राशि मंजूर की है। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विवेक पाटीदार ने बताया की पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव के प्रयास से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल के लिए 1 करो? 18 लाख व खेल परिसर के लिए 1 करो? 75 लाख की राशि स्वीकृत की। इसको लेकर मांग पत्र भी दिया गया था। पाटीदार ने बताया कि दोनों निर्माण कार्य जल्द शुरू होंगे। पाटीदार ने मुख्यमंत्री यादव व उच्च शिक्षा मंत्री परमार का आभार माना। बता दे कि पूर्व मंत्री दत्तीगांव के प्रयास से 2022 में 2 करोड़ 58 लाख 67 हजार की लागत से महाविद्यालय परिसर में सर्वसुविधायुक्त खेल परिसर बनाने के लिए मंजूरी मिली थी। इसके बाद 2023 में निर्माण कार्य शुरू हो गया था। किंतु राशि की कमी के कारण आधा कार्य बंद प?ा था। अब पुन: निर्माण कार्य के लिए शेष राशि मंजूर होने से कार्य को गति मिलेगी। यहां महाविद्यालय परिसर में भूतल व प्रथम तल पर 388- 388 वर्गमीटर तथा द्वितीय तल पर 46.20 वर्गमीटर में निर्माण किया जा रहा है। जिनमें खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की सुविधा के लिए मल्टीपरपस हॉल बनाया जा रहा है। साथ ही महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग चेंजिंग रूम, लॉक रूम, दो बैडमिंटन कोर्ट एवं 200 मीटर का रनिंग ट्रैक बनेगा। अन्य खेलों के आवश्यक संसाधन भी जुटाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। ये तमाम सुविधाएं मुहैया होने का सीधा फायदा खेल प्रतिभाओं को मिलेगा। यह जानकारी भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।

## संभाग आयुक्त डॉ. खाड़े डूब प्रभावितों के सत्यापन शिविर में पहुंचे

**धार।** संभाग आयुक्त इंदौर डॉ. सुदाम खाड़े ने सरदार सरोवर परियोजना के अंतर्गत डूब प्रभावित हितग्राहियों को भूखंड रजिस्ट्री हेतु तहसील धरमपुरी के ग्राम खुजावा में आयोजित दस्तावेज सत्यापन शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डूब प्रभावित परिवारों को पुनर्वास का लाभ पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संभाग आयुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि जिन प्रकरणों में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होगी, उनका निराकरण प्रशासन द्वारा गठित समिति के माध्यम से किया जाएगा। यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समय-सीमा से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में प्राप्त आवेदनों का विधिवत सत्यापन कर आगे की आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने रजिस्ट्री एवं सत्यापन प्रक्रिया को डिजिटाइजेशन के माध्यम से और अधिक सरल एवं सुगम बनाने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त डॉ. खा? ने कहा कि रजिस्ट्रेशन के लिये आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेजों में लाभार्थी का आवेदन पत्र, भूखण्ड आवंटन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, पेनकार्ड की छायाप्रति और वारिसान प्रमाणपत्र अनिवार्य होंगे।





# महाशिवरात्रि व शाही सवारी तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

▶ **श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता**

**धार।** जिले के धरमपुरी में आगामी महाशिवरात्रि पर्व और शाही सवारी को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को संभागायुक्त इंदौर शडॉ सुदाम खाड़े बेंट संस्थान पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी उपस्थित रहे । उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम दर्शन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी व्यवस्थाएँ 13 फरवरी तक पूर्ण हो जानी चाहिए ताकि अंतिम समय में किसी प्रकार की समस्या न हो।

इस दौरान घाट पर नाव संचालन और जलस्तर प्रबंधन को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। कहा कि नर्मदा जलस्तर स्थिर बनाए रखने के लिए पत्राचार किया गया है ताकि नावों का संचालन सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने महर्षि दधीचि प्रतिमा स्थल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। मेले में भीड़ प्रबंधन और कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा की विशेष प्रबंध किया जाए।



इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धरमपुरी में महादेव मंदिर और शाही सवारी की सभी व्यवस्थाएँ व्यवस्थित और सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं। महिलाओं के लिए प्रसाधन सुविधा, लाइटिंग और सुरक्षा व्यवस्था, नाव संचालन और पुलिस बलों की तैनाती, पार्किंग सुविधा का सुचारू प्रबंधन किया जाए। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने निर्देशित किया कि पर्व के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति निर्मित करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।नदी पार करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए नाव संचालन की समुचित व्यवस्था, सुरक्षित एवं व्यवस्थित घाट निर्माण, बैरिकेडिंग तथा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर निरंतर मॉनिटरिंग करने एवं कंट्रोल रूम सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए गए। महाशिवरात्रि पर निकलने वाले जुलूस में पर्याप्त संख्या में वॉलंटियर्स तैनात किए जाएंगे, ताकि व्यवस्था बनी रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने बताया कि सभी विभागों को दायित्व सौंप दिए गए हैं तथा व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से भी प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी ने कहा कि सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है।

## डॉ. आरएस जाट समिति का 13वां नि:शुल्क सामूहिक विवाह संपन्न

**बदनावर (जिला धार)। जाट समाज बदनावर, जिला धार द्वारा समाजहित में निरंतर किए जा रहे कार्यो की श्रृंखला में डॉ. आर.एस. जाट सामूहिक विवाह समिति, बदनावर के तत्वावधान में (तृतीय नि:शुल्क) 13वां सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन मंगलवार, 10 फरवरी 2026 (मिति फाल्गुन कृष्ण अष्टमी) को बदनावर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

समारोह में कुल 14 जोड़ों का सामूहिक विवाह पंडित रमेशचंद्र जी अग्निहोत्री (बदनावर) एवं पंडित पुरुषोत्तम जी शर्मा (रेशमगारा) द्वारा वैदिक रीति-रिवाज से संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 9 बजे गणेश पूजन से हुआ। इसके पश्चात श्री तेजाजी महाराज की आरती, मंडप प्रतिष्ठा एवं गृहशांति, तोरण, शुभलग्न, तत्पश्चात आशीर्वाद एवं विदाई कार्यक्रम सम्पन्न हुए।



> **कार्यक्रम का मंच संचालन राजेश जाट (बोराली) द्वारा किया गया**
> आयोजन स्थल पर समाजजनों एवं अतिथियों के लिए नाश्ता, चाय एवं मधुर सहभोज की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस सामूहिक विवाह समारोह का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करते हुए विवाह संस्कार को सरल, सुलभ, सादगीपूर्ण एवं गरिमामय बनाना रहा। समिति द्वारा समाज के समस्त बंधुओं, पदाधिकारियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे समाजोपयोगी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि न्यायाधीश कविश जी जाट रहे। कार्यक्रम में निलेश जी भारती, राजवर्धनसिंह जी दत्तिगांव, श्री राजेश जी अग्रवाल, श्री मनोज जी सोमानी, नजमु जी बोहरा, राष्ट्रीय जाट तेजवीर सेना प्रदेश अध्यक्ष श्री ईश्वर जाट, अखिल भारतीय जाट महासभा जिला अध्यक्ष देवकरण जी जाट, जाट तेजवीर सेना जिला अध्यक्ष राजश्री राजेंद्र जाट, नगर परिषद बदनावर अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर जी यादव एवं ओंकारलाल जी जामोदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत विजय जाट श्री फाइनेंस, संजय जाट (झारिपाड़ा), नीरज जाट, जितेंद्र जाट (नाना), भूपेंद्र जाट (बोराली), चंपालाल जाट, भेरूलाल जी जाट (बखतगढ़), हंसराज जी जाट (रतनपुरा), संजय जी जाट (रतनपुरा), मनीष जी ठाकुर, पंकज जी ठाकुर, धर्मेंद्र जी जाट (सुलावट), जया जाट (इंदौर), कुलदीप जाट (रिटोडा), तरुण जाट (वकील साहब), डॉ. राजेश जाट (माचकदा), संग्रामसिंह जी, चंदनसिंह जी, अनिल भाटी, लाल सेन एवं कमल जाट (झारिपाड़ा) द्वारा किया गया।

## महाशिवरात्रि पर बदनावर में भव्य शिव बारात

**बदनावर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बदनावर नगर एक बार फिर शिवमय होने जा रहा है। श्री महाकाल मंडल न्यास समिति, बदनावर के तत्वावधान में 12 से 15 फरवरी तक विविध धार्मिक आयोजनों के साथ भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर समाजबंधुओं, मातृशक्ति एवं युवाशक्ति में उत्साह का वातावरण है।**

महाकाल ट्रस्ट अध्यक्ष प्रजेंद्र भट्ट ने बताया कि भगवान शिव के विवाह उत्सव के रूप में यह आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जाएगा। 15 फरवरी 2026, रविवार को सायं 4 बजे से बैजनाथ महादेव मंदिर से भव्य शिव बारात प्रारंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिव बाराती बनकर शामिल होंगे।

आयोजन की शुरुआत आज 12 फरवरी, गुरुवार को प्रात: 9 बजे पिपलेश्वर मंदिर में माता पूजन व बानक से होगी।13 फरवरी, शुक्रवार को प्रात: 11 बजे सरस्वती कॉलोनी में हल्दी एवं सायं 4 बजे पिपलेश्वर मंदिर में श्री गणेश पूजन आयोजित किया जाएगा।

14 फरवरी, शनिवार को दोपहर 12 बजे मेहंदी तथा सायं 3 बजे पिपलेश्वर मंदिर में मंडप कार्यक्रम संपन्न होगा। 15 फरवरी को शिव बारात के पश्चात रात्रि 9 बजे झिलमिल आरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु सामूहिक आरती में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। समिति ने अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिव बाराती बनने का सौभाग्य प्राप्त करें और नगर को धर्ममय वातावरण से आलोकित करें।



## कांग्रेस नेता राजेंद्र गुप्ता की सुपुत्री के विवाह समारोह में शामिल हुए विधायक हनी बघेल,नववधू को दिया आशीर्वाद

**कुक्षी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी राजेंद्र गुप्ता की सुपुत्री ऐश्वर्या गुप्ता के विवाह के पावन अवसर पर लोहारी स्थित उनके निवास स्थल पर मांगलिक कार्यक्रमों के अवसर पर विधायक हनी बघेल ने पहुँचकर नववधू ऐश्वर्या को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद प्रदान किया।वे विवाह की पारंपरिक रस्मों विशेषकर %बाने% के कार्यक्रम में शामिल हुए और परिवार के साथ खुशियाँ साझा कीं।इस अवसर पर श्रीमती गायत्री राजेंद्र गुप्ता,डॉ रामेश्वर गुप्ता, एवं उनके परिजनों ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया। यहां आयोजित विवाह समारोह में विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र गुप्ता,सुदामा पाटीदार,संजय पांडे,वरिष्ठ समाजसेवी बाबूलाल गुप्ताआदि के क्षेत्र के साथ ग्राम के गणमान्य जन और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दो तीर्थंकरों का जन्म कल्याणक का बदनावर में विशेष आयोजन

▶ **उज्जैन संग्रहालय में प्रदर्शित हैं बदनावर की सुपार्श्वनाथ जी और चंद्रप्रभ स्वामी की प्रतिमाएं।**

**बदनावर।** फाल्गुन कृष्ण जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान श्री सुपार्श्वनाथ जी एवं आठवें तीर्थंकर भगवान श्री चंद्रप्रभ स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव देश-भर में मनाया जाएगा। नगरवासियों के लिए यह एक सुखद संयोग है कि इन दोनों तीर्थंकरों की मनोज्ञ प्रतिमाएं बदनावर (वर्द्धमानपुर) नगर के भूगर्भ से लगभग 75 वर्ष पहले प्राप्त हुई थी।

उक्त जानकारी देते हुए वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के ओम पाटोदी ने हमारे संवाददाता को बताया कि विगत वर्षों में नगर के भूगर्भ से प्राप्त अनेकों प्रतिमाओं में सुपार्श्वनाथ जी व चंद्रप्रभ जी की प्रतिमाएं खूदाई में मिली थी। उनमें से एक सुपार्श्वनाथ जी की एवं चंद्रप्रभ स्वामी की दो प्रतिमाएं वर्तमान में उज्जैन के जयसिंहपुरा जैन संग्रहालय में प्रदर्शित हैं।




बदनावर वर्द्धमानपुर भूगर्भ से प्राप्त सैकड़ों वर्ष प्राचीन तीर्थंकर प्रतिमाएं

> पाटोदी ने बताया कि प्राचीन वर्द्धमानपुर के जिनालयों में सैकड़ों तीर्थंकर प्रतिमाएं विराजमान थी। इस बात की पुष्टि यहां से प्राप्त पुरावशेषों से स्वत: होती है। यहां की कई मूर्तियां लेख सहित होने से ये पुरातत्व सामग्री इतिहासकारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुई, क्योंकि यहां से प्राप्त मूर्ति लेखों ने इतिहास की कई टूटी हुई कड़ियों को जोड़ने में विद्वानों की भरपूर मदद की और इसके बाद हुऐ शोध कार्यों ने बदनावर को उसके प्राचीन सांस्कृतिक नाम वर्द्धमानपुर से परिचित करवाया। साथ ही उस समय की सामाजिक राजनैतिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक जानकारियां प्राप्त होती है जो हमें उस समय के सामाजिक परिदृश्य को जानने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

श्री सुपार्श्वनाथ जी की सांगोपांग प्रतिमा पर उनका लांक्षण (चिन्ह) स्वस्तिक बना हुआ है और इस पर दो पंक्तियों का लेख उत्कीर्ण है। जिससे इसके निर्माण काल 15वीं शताब्दी ज्ञात होता है। इसी प्रकार चंद्रप्रभ स्वामी की भी प्रतिमा सांगोपांग है इस पर भी पहचान चिह्न चंद्रमा एवं तीन पंक्तियों का लेख हैं जिससे इसका निर्माण संवत् 1489 (तदनुसार सन् 1432) स्पष्ट उत्कीर्ण है। चंद्रप्रभ की दूसरी प्रतिमा का कुछ भाग खंडित है इस पर भी लांक्षण चंद्रमा स्पष्ट है।इस पर लेख नहीं है परंतु पुरातत्व जानकारों के अनुसार इसका निर्माण काल 17-18 शताब्दी निश्चित किया गया है।

एक नजर में ▶ **भाजपा कार्यकर्ताओं के आधार पर बना संगठन आज विश्व में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित हैं - विक्रम वर्मा पूर्व केंद्रीय मंत्री**

# भाजपा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई

### पंडित दीनदयालजी को श्रद्धांजलि शब्दों के साथ उनके विचारों से भी दें

**धार। भाजपा जिला कार्यालय धार में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि 卐समर्पण दिवस卐 पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर विचार गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए।**





पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्मा ने भाजपा की 2 सीट से लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर बहुमत की सरकार तक की यात्रा पर प्रकाश डाला उन्होंने आज देश मे चल रही सभी भाजपा सरकारें जनसंघ के संघर्ष के विचार को जन जन तक पहुंचा पाने में सफल हुई है। कार्यकर्ताओं के आधार पर बना संगठन आज विश्व में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित हैं।

हम जनसंघ से आज तक हम उसी रास्ते पर चल रहे हैं हम भटके नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में देश में अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं अंत्योदय भाव से समाज का विकास कार्य कर रही हैं। पंडित दीनदयाल जी को श्रद्धांजलि शब्दों के साथ उनके विचारों से भी दें।

भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे ब?ी पार्टी है जिसके पीछे दीनदयाल जी का संघर्ष,समपर्ण है एकात्म मानववाद का मंत्र लेकर भाजपा आज अंतिम व्यक्ति तक अपनी सरकार की जनहितैषी योजनाओं का पहुँचा रही है । पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी वैचारिक स्तंभ थे भाजपा का संकल्प अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का कल्याण करने का कार्य करना है।

विधायक नीना वर्मा ने कहा कि भाजपा आज अपने विचार के कारण सबसे ब?ी लोकतांत्रिक पार्टी है भारत माता को आराध्य मानकर कार्य किया देश भर में पार्टी की विचारधारा को पहुँचाने में दीनदयाल जी महत्वपूर्ण योगदान है।

इस दौरान आजीवन सहयोग निधि जिला संयोजक डॉ शरद विजयवर्गीय जिला टोली सह संयोजक अमृत जैन सुनील मोदी विधानसभा टोली से महेश रावला कन्हैयालाल पटेल भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने मंडल अध्यक्ष विशाल निगम और जयराज देवड़ा मंचासीन रहे।

इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा जिला पदाधिकारी मोहित तातेड मनीष प्रधान मोर्चा जिला अध्यक्ष सहित अन्य भाजपा मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।